>

Title: Need to address the grievances related to salary, honorarium and service conditions of Anganwadi workers, Accredited Social Health Activists, MNREGA workers and Madarsa teachers and instructors.

**डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद):** मैं केन्द्र सरकार का ध्यान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में आकृष्ट कराते हुए अपनी भावनाओं को रखना चाहता हूं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ती, आशा बहू की सेवाओं की प्रमुखता को देखते हुए यह जरूरी हे कि इनको मानदेय के बजाय वेतन देने की श्रेणी में लाकर सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए व इनके मानदेय में भी बढ़ोत्तरी की जाए।

"मनरेगा" में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के संविदाकर्मियों को उत्तर प्रदेश राज्य में वेतन पिछले कई महीनों से नहीं मिल पा रहा है। इसे शीघ्र दिलाया जाए।

मदरसा आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत मदरसा शिक्षकों का वेतन राज्य सरकार की तकनीकी त्रुटि के कारण 2 वर्ष का बकाया है। इसके भुगतान की व्यवस्था की जाए साथ ही मदरसा अनुदेशकों की सेवाओं को देखते हुए इनके भविष्य की भी स्थायी व्यवस्था सेवा हेतु की जाए।